यत मतगणना केंद्र पर संबंधित लोकसभा क्षेत्र के
दाधिकारी को हस्तगत कराया जायेगा।

संपन्न की जा सके। इस अवसर पर महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक भी मौजूद थीं।

निरंतर यज्ञ ही चल रहा है। उन्होंने आगे कहा-गायत्री व यज्ञ का युग्म है। गायत्री भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म की धरोहर, निर्मात्री है और यज्ञ भारतीय संस्कृति, धर्म के जनक हैं। इससे समस्त कामनायें मनुष्य की पूर्ण होती है। सर्वप्रथम गुरूवंदना, साधनादिपवित्रिकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, कलशपूजन, गुरू गायत्री आवाहन, सर्वदेव आवाहन, व नमस्कार, स्वास्तिवाचन के पश्चात् अग्नि प्रज्वलन करके सर्व कल्याण की भावना से गायत्री मंत्रोच्चारण से आहुतियां समर्पित की गयी।

## ा संज्ञान

पूर्ति करें



या कि मशरक नगर
0-85 घर हैं।
नीकेज एवं गृह जल
छाने के क्रम में लगभग
त बस्ती एवं अन्य
रहा है।

# बीएड प्रथम वर्ष के आंतरिक परीक्षा के चार पेपर समाप्त



मथुरा सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज।

छपरा|मथुरा सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षकों की परीक्षा तैयारी के परीक्षण के लिए आंतरिक परीक्षा जो 10 मई से चल रही है। कॉलेज की प्राचार्य प्रभारी अम्बरीष राय ने बताया कि यह परीक्षा 10 मई से शुरू 16 में को समाप्त हो जाएगी। इस दौरान कुल 7 पेपर लिए जाएंगे। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अनीता सिंह एवं निदेशक अनिल कुमार सिंह ने कदाचार मुक्त परीक्षा कराने का निर्देश सभी प्राध्यापकों को दिया। मौके पर डॉ रमेश चंद्र सिंह नितेश पांडे प्रभात रंजन, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सुनीता कुमारी, विमलेश मौर्य उपस्थित थें।

# न हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी

## 10वीं की परीक्षा में छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता की



एकमा| रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, स्कूल व क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है। मंगलवार को नचाप गांव स्थित रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल के परिसर में सत्र 2023-24 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर रहने वाले राजन कुमार प्रसाद ने 92.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर रहने वाली रिया कुमारी ने 92.60%, चौथे स्थान पर मुस्कान कुमारी 90.20% पांचवें स्थान पर पवन कुमार शर्मा ने 90% अंकों को प्राप्त कर अपनी अकादमिक श्रेष्ठता का परिचय दिया है।

## 54 बच्चों ने 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाया



दैनिक भास्कर

Date- 15-05-2024 Page. No. 20

विद्यालय के पास पूर्व से सभी आरोपित हरवे हथियार के साथ जमा थे. जैसे ही वे दोनों करीब पहुंचे. सभी आरोपियों ने हमला कर दिया. वह मौके से भाग निकलने में सफल हो गया, जबकि उसके भाई सुरेश सिंह को उन लोगों ने पकड़ लिया. सभी ने लोहे के रॉड, लाठी-डंडे, ईंट से बुरी तरह से हमला कर उसके भाई को बुरी तरह से जख्मी कर दिया. हल्ला होने पर आसपास के लोगों के जमा होने पर उसके भाई को किसी तरह से अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां से उसे छपरा रेफर कर दिया गया. बाद में पीएमसीएच में इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान ही उसके भाई सुरेश सिंह की मौत हो गयी.

## उपभोक्ता आयोग ने दिया भुगतान करने का आदेश

छपरा (कोर्ट). जिला उपभोक्ता आयोग ने एक उपभोक्ता के आवेदन पर निर्णय सुनाते हुए वास्तु बिहार को सूद समेत जमा राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है. आयोग के अध्यक्ष


Eligibility : Graduate with CAT/MAT Score | Admissions @ Rs. 12000 only!

FOR REGISTRATION
+91 930 4141 004

Opposite Old Patna Museum
Budh Marg, Patna-1

www.libm.in @libm_patna @libmpatna @libmpatna @libmpatna


**MATHURA SINGH TEACHER TRAINING COLLEGE**

**JALALPUR, KHALPURA, CHAPRA**

Recognised by NCTE & Affiliated by BSEB Patna Bihar

**Required Lecturers for D.El.Ed. Course**

| SL NO. POST | NO. OF POST | ELIGIBILITY |
|---|---|---|
| 1. Lecturer (Geography) | 01 | PG degree in Geography & M.Ed. / MA in Education with B.Ed. 55% marks. |

**Salary:** As per Govt. rules.
**Date of Interview: 22.05.2024 at 10:30 A.M.**
**Venue: College Campus**
Interested candidates may apply with their Bio-data till 18.05.2024
**Contact No: 7491818283,9451750732, 8340218183**
**You may apply through e-mail-mstte123@gmail.com**


दूध


प्रभात खबर


Date- 15-05-2024

Page. No. 03

विश्वविद्यालय में आधारभूत संरचना के विकास के लिए कमेटी बनाकर कार्य शुरू कर दिया गया है।

आवश्यकता के अनुरूप अपना सॉफ्टवेयर विकसित करे और उसे स्वयं संचालित करे। वह मोबाइल

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर सारनाथ गए बीएड कालेज के छात्र



शैक्षणिक परिभ्रमण पर गये मथुरा सिंह बीएड कालेज के छात्र • सौ.स्वयं

जासं, छपरा: मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बीएड द्वितीय वर्ष एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु तीन दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए सारनाथ एवं वाराणसी गए। सभी प्रशिक्षु सोमवार को ट्रेन से रवाना है। बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं को संस्थान के निदेशक इं.अनिल कुमार सिंह एवं संस्थान की सचिव अनीता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रशिक्षुओं के मार्गदर्शन एवं निर्देशन के लिए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अम्बरीष राय एवं डीएलएड विभाग के विभागाध्यक्ष डा. शैलेंद्र कुमार यादव तथा संस्थान के वरीय प्राध्यापक डा.रमेश चन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रंजन कुमार, आलोक रंजन, सुशील कुमार मिश्र,राजन कुमार भी साथ गए है। शैक्षिक परिभ्रमण के क्रम में प्रशिक्षु सारनाथ एवं वाराणसी के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों के अलावा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का भी भ्रमण कर अपना अध्ययन रिपोर्ट तैयार करेंगे।

---

...द्यालय में सिर्फ पांच ... बजट बनता था। ...ा.) परमेंद्र कुमार

...को लेकर बैठक
...साहब डा. भीमराव ...ती समारोह के लिए ... बुद्धिजीवियों ने बैठक की। ...र मांझी ने की। मौके पर ...त यादव, सुनील राम थे।


...P. POWER ...TION LIMITED ...nagement Cell, ...gar, Lucknow- ...ail - cepmc@uppcl ...uppcl@gmail.com ...REMENT OF ...N SHORT-TERM ...ROUGH TARIFF ...COMPETITIVE ...PROCESS Tender ...on No. 28/DEEP/ ...MER 2024, Uttar ...ower Corporation ...PPCL), intends to ...ower, for the month ...pril-2024 to ...-2024 under Short ...asis. Trading ...Generators/State ...PPS/Distribution ...EBs, across the ...y offer power, from ...e than one source ...ondition that offers ...source shall not be ...5 MW, as per the ...n below :- Month :


दैनिक जागरण Date - 19-03-2024

Page. No. 04

प्रभात खबर
Page. No- 04
Date- 19-03-2024

# शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चला मतदाता जागरूकता अभियान



मतदाता जागरूकता अभियान शामिल छात्राएं.

**छपरा.** मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसमें बीएड के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं को मतदान करने की शपथ भी दिलायी गयी. महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अम्बरीश राय ने छात्रों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया व उन्हें अपने घर-परिवार तथा पास-पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रमेश चंद्र सिंह, नितेश पांडेय, डॉ अंबरीश दूबे, जितेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, प्रभात रंजन कुमार, सुनीता कुमारी, आलोक रंजन उपस्थित रहे.

# मथुरा सिंह बीएड कालेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



पोस्टर प्रदर्शित करते बीएड कालेज के परीक्षार्थी। ● जागरण

जासं, छपरा: शहर के मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान जलालपुर खलपुरा में एनसीटीई के निर्देश पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ''एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएड एवं डीएलएड विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी कौशिकी (बीएड), द्वितीय स्थान पर पंकज कुमार (डीएलएड) तथा तृतीय स्थान पर बलजीत कुमार (डीएलएड) रहे। सचिव अनीता सिंह एवं निदेशक ई. अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षुओं की सहभागिता और प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उत्कृष्ट पोस्टर पर पुरस्कार भी दिया गया। इस मौके पर मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डा. संजय कुमार समेत कालेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

24 फरवरी को आयोजित

देसी शराब के साथ एक

दैनिक जागरण दिनांक 22-02-23

Page No. 04

**प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को जीआरपी ने सीएचसी पहुंचाया**

**एकमा.** एकमा स्टेशन पर तैनात जीआरपी व आरपीएफ के जवानों ने डाउन जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से उतारकर एक प्रसव पीड़ित महिला को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित प्रसव के लिए भर्ती कराया. महिला ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया. बताया जाता है कि भोजपुर जिले अगियाव थाना क्षेत्र के एकावना गांव के निवासी राम विनय यादव पंजाब के लुधियाना में निजी कंपनी में नौकरी करते है. वे अपनी पत्नी सीमा देवी व तीन वर्ष के एक पुत्र के साथ डाउन जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से हाजीपुर आ रहे थे. इसी दौरान ट्रेन में उनकी गर्भवती पत्नी सविता देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गया. बताया जाता है कि राम विनय यादव ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के सहयोग से प्रसव पीडिता को एकमा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरवा दिया. इसके बाद जीआरपी व आरपीएफ के सहयोग से सुरक्षित प्रसव कराने के लिए एकमा सीएचसी ले गये.

# मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी आयोजित

संवाददाता, छपरा

मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मे शिक्षक शिक्षा महाविद्यालयों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में अवलोकन विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठ का आयोजन किया गया. संगोष्ठी का शुभारंभ आचार्य नरेंद्र देव मेमोरियल सोसाइटी की सचिव अनिता सिंह, प्राचार्य डॉ संजय कुमार, निदेशक अनिल सिंह, मुख्य अतिथि जेपीयू के कुलसचिव डॉ रणजीत कुमार व विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. संगोष्ठी की अध्यक्षता जेपीयू हिंदी विभाग के प्रो डॉ सिद्धार्थ शंकर ने की. पीसी सांइस महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ विजय शंकर विक्रम ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए विषय पर अपना वैचारिक दृष्टिकोण प्रस्तु किया. संगोष्ठी का संचालन दो समानांतर तकनीकी सत्रों में किया गया, जिनमें संस्थान के प्राध्यापकों प्रशिक्षुओं आगन्तुकों द्वारा लेख प्रस्तुत किया. इस दौरान आने वाली समस्याओं, शंकाओं निवारण विशेषज्ञो द्वारा किया गया. डॉ सिद्धार्थ शंकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सेमिनार के आयोजन और सफल संचालन के लिए प्रबंध समिति, प्राचार्य और आयोजन समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए संगोष्ठी के मूल विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया. धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने किया, कुलसचिव डॉ रणजीत कुमार को संगोष्ठी में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे.




संगोष्ठी मे शामिल शिक्षाविद्.

प्रभात खबर. Date- 14.10.2023

Page. No- 06.

किट एफएलएन किट, एनसीईआरटी किट, तथा खेल हेतु भेजे गए सामग्रियों का प्रतिदिन इस्तेमाल होता है या नहीं. इसके आलावा लैब लाईब्रेरी कार्यरत है या नहीं इसका भी ठीक ढंग से जांच करें. प्रत्येक माह के अंत में मासिक परीक्षा, प्रत्येक सप्ताह टेस्ट और प्रत्येक दिन होमवर्क दिया जा रहा है या नहीं इसका भी ख्याल रखें. प्राइवेट स्कूलों की तरह पूरी तैयारी से मूल्यांकन कार्य कराए जायेंगे. जांच पदाधिकारी जांच यह भी जांच करेंगे की विद्यालय में कितने प्रकार के खाते हैं और उनमें कितनी राशि है. यदि परिसर में कोई निर्माण हो रहा है तो यह देखा जाए कि यह यथासंभव वर्टीकल हो. यह ध्यान रखा जाए कि यथासंभव खेल का ज्ञान, प्रार्थना मैदान में भवन, कमरे बनाकर विद्यालय के हरे- भरे इलाकों को खराब नहीं किया जाये. चंद्रयान-3 क्विज में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है. क्विज में भाग लेने के लिए विद्यार्थी Mygov.in पर विजिट कर अपना अकाउंट बनाकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं. प्रतियोगिता में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शामिल करने के लिए प्रखंड पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है.

# मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का 10वां स्थापना दिवस समारोह मना

संवाददाता, छपरा



समारोह का उद्घाटन करते अतिथि.

मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का 10वां स्थापना दिवस समारोह महाविद्यालय के सभागार में धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नरेंद्र देव मेमोरियल सोसाइटी की सचिव अनिता सिंह, निदेशक अनिल सिंह, एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, प्राचार्य डॉ संजय कुमार, पूर्व मंत्री उदित राय के द्वारा संयुक्त रूप से किया. सचिव, निदेशक के द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गयी. स्वागत गान बीएड द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु मांशी शिवानी सुरभि और रजनी के द्वारा प्रस्तुत किया गया. डीएलएड की प्रशिक्षक वर्षा, कॉजल और पूजा के द्वारा मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया गया. बीएड के प्रशिक्षुओं द्वारा सोशल मीडिया, हिंदी दिवस पर लघु नाटिका का आयोजन किया गया. बीएड के प्रशिक्षु मुन्ना कुमार और डीएलएड के प्रशिक्षु अभिषेक कुमार ने रिमिक्स डांस के द्वारा खूब तालियां बटोरी. उक्त अवसर पर एएनडी पब्लिक स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे.

...ती पर हुई चर्चा

प्रभात खबर Date.- 14.09.2023

Page No. 06

रंग-पीला। आज का दिन आपके परिजन लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र मुताबिक रहेगा।

रंग-जामुनी। आज का दिन खर्चा न में शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। डील के फाइनल हो सकता है।

रंग-नारंगी। आज का दिन रूप से फलदायक रहने वाला है। स्थिति मजबूत होगी।

रंग-केसरिया। आज का दिन दिलाने वाला रहेगा। व्यापार में डील फाइनल होगी।

रंग-बैगनी। आज का दिन मध्यम रहने वाला है। गृहस्थ जीवन जी जीवनसाथी से मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

रंग-भूरा। आप किसी धार्मिक योजना भी बना सकते हैं। आज रुका हुआ धन वापस मिल सकती है।

रंग-आसमानी। आज वैवाहिक होगा। माता को आप ननिहाल पक्ष के मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं।

रंग-जामुनी। आज का दिन आपके वाला है। जो लोग सामाजिक क्षेत्रों में सावधान रहना होगा।

रंग-लाल। आज का दिन मध्यम रहने वाला है। व्यापार के क्षेत्र में करने की कोशिश कर सकते हैं।

रंग-गुलाबी। आज का दिन परिवार में मजबूती आएगा। प्रेम जीवन जी साथी को प्रपोज भी कर सकते हैं।

• श्रीपति त्रिपाठी

खेलते दिखे। जबकि रौजा की टीम गेंद की जगह मढ़ौरा के खिलाड़ियों के पिछे भागते रही। मढ़ौरा की ओर से गुड्डू ने 2 ... टाउन क्लब छपरा बनाम ओम साईं नाथ बरेजा फुटबॉल क्लब के बीच खेला जाएगा।

कर दिया। इसके उपरांत चोट लगने से मैं बुरी तरह जख्मी हो गया। इससे मेरे उंगली में ज्यादा जख्म हो गया।

की है, मोक्ष प्रदान किया है। जितना हम दुख में भगवान को याद करते हैं उतना ही सुख में याद करें, यदि ... प्रकोप जब बढ़ जाता है तो परमात्मा का अवतार होता है की रक्षा के लिए परमात्मा

### महाविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह कॉलेज के बहुदेशीय सभागार में समारोह पूर्वक मनाया गया

# मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज के वार्षिकोत्सव में हिंदी दिवस पर लघु नाटिका का आयोजन, प्रशिक्षु छात्राओं ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत की

सिटी रिपोर्टर | छपरा

मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह कॉलेज के बहुदेशीय सभागार समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएड एवं डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नरेन्द्र देव मेमोरियल की सचिव अनिता सिंह, निदेशक अनिल सिंह, प्राचार्य डा. संजय कुमार तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश के पूर्व परीक्षा नियंत्रक तथा संस्कृत विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. दिव्यांशु कुमार तथा एमएलसी डा. वीरेंद्र नारायण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।



सोशल मीडिया हिंदी दिवस पर लघु नाटिका का आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत बी. एड. प्रथम वर्ष की छात्रा गोल्डी, वंदना पूनम शिवानी के द्वारा सरस्वती वंदना से की गयी। स्वागत गान बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु छात्रा शिवानी सुरभि और रजनी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डीएलएड की प्रशिक्षु छात्रा वर्षा, कॉजल और पूजा के द्वारा मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अगली के प्रशिक्षुओं के द्वारा सोशल मीडिया हिंदी दिवस पर लघु नाटिका का आयोजन किया गया। बीएड के प्रशिक्षु मुन्ना कुमार और डीएलएड के प्रशिक्षु अभिषेक कुमार ने रिमिक्स डांस के द्वारा खूब तालियां बटोरी।

छात्रों को सम्मानित किया: विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में शिक्षा व्यवस्था में अच्छे शिक्षक के गुणों को गिनाते हुए उक्त कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान जाने वाले प्रशिक्षु छात्रों को मेडल देते हुए सम्मानित किया गया।

ADMISSION OPEN
विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी
PCI भारत सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार द्वारा मान्यता
D. PHARMA 2 Years 50,000/- सेमेस्टर | B. PHARMA 4 Years 50,000 सेमेस्टर
ADMISSION FREE Mob.: 7301111151, 6294945
जल्द करें सीटें सीमित हैं

दैनिक भास्कर Date. 14.9.2023

Page. No. 17

अभिभावक बाइक से घर ले जाते हुए दिखाई पड़े. इस दौरान निर्माणाधीन से छपरा यात्री बसों में सवार यात्रियों के साथ बच्चे परेशानी में रहे.

# दो दिवसीय योग शिविर में लोगों ने किया योगासन



योग करते प्रशिक्षु.

## आयोजन

संवाददाता, छपरा

मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय छपरा में योग और संतुलित आहार विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर को सचिव अनिता सिंह व निदेशक अनिल सिंह ने संबोधित करते हुये कहा कि योग करने लोग निरोग रहते हैं. हमें अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए. हमेशा संतुलित आहार लेना चाहिये. शारीरिक शिक्षक डॉ रमेश चंद्र सिंह ने शिविर में आये हुये प्रशिक्षुओं को संतुलित आहार का चार्ट बनाया स्वस्थ भोजन की आदतें विषय पर लेख एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया. जिसमें प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर प्राचार्य संजय सिंह सहित शिक्षक आदि शामिल हुए.

# गंगा-जमुनी तहजीब और साझी संस्कृति का प्रतीक है उर्दू : डीएम

प्रभात खबर - Date - 01-03-2023

Page No - 04

सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी महेंद्र मिश्र के कोर्ट में हो रही थी. तीन वर्षों से मुकदमा लड़ने के बाद मंगलवार

के दोष स्वीकार करते ही कोर्ट ने उनके अपराधों को माफ करते हुए पांच सौ का जुर्माना लगाया ताकि आगे से ऐसी गलती नहीं करें.

रंजन सिंह, सुमन सिंह, संदीप सिंह, विशाल सिंह, आकाश सिंह पर मारपीट तथा गाली- गलौज का आरोप लगाया है. पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है.

# बीएड कॉलेज में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

संवाददाता, छपरा

मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान जलालपुर, खलपुरा मे एनसीटीइ के निर्देशानुसार एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रशिक्षुओं ने भाग लिया.

इस अवसर पर सचिव अनिता सिंह व निदेशक अनिल कुमार सिंह ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विषय वस्तु पर प्रकाश डाला. जिसमें बीएड व डीएलएड विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय कुमार, सचिव व निदेशक के द्वारा संयुक्त रूप से उत्कृष्ट पोस्टरों पर पुरस्कार का वितरण किया गया. जिसमें प्रथम स्थान पर कुमारी कौशिकी, द्वितीय स्थान पर पंकज कुमार तथा तृतीय स्थान पर बलजीत कुमार रहे. अंत में सचिव ने प्रशिक्षुओं की सहभागिता और प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.



प्रतियोगिता मे शामिल अतिथि.

प्रभात खबर Date- 22.02.2023

Page No. 06



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व हाइवा.

कुमार ने बताया छपरा की तरफ से बालू लेकर आ रहा था. सामने से आ रही ट्रक ओवरटेक करने में हमने ब्रेक लगाया तथा ब्रेक लगाते ही पीछे से आ रही हाइवा ने ट्रक में जोरदार ठोकर मार दिया.

लगभग दो लाख रुपये के ट्रांसफॉर्मर में लगे एलटी केबल तार चोरी कर आसानी से फरार हो गये. मामला खैरा थाना क्षेत्र के चार अलग-अलग गांवों का है. चोरों ने गोबिंदपुर, गढ़िया छित्रौली, धूपनगर, धोबवल, फद्दपुरा के दो अलग अलग ट्रांसफॉर्मर से निकलने वाले 29 पोल में लगाये गये कृषि कार्य

अबदुल्लाह अंसारी ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद जेई ने खैरा थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है. इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया की मिले हुए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.

# हजार की आबादी

देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है. करीब तीन हजार की आबादी इस जलजमाव की समस्या से त्रस्त है. वार्ड पार्षद का कहना है कि पहले महमूद चौक के निचले इलाके से होकर मुहल्ले का नाले का पानी निकल जाता था. लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है. जिससे यह परेशानी बढ़ी है.

**छपरा से इनई को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है** : विदित हो कि छपरा से इनई रिविलगंज को जोड़ने वाला यह प्रमुख वैकल्पिक मार्ग है. जब भी शहर में जाम की स्थिति होती है तो 90 फीसदी गाड़ियां इसी रूट से चलती है. पहले ही इस इलाके की सड़क गैस पाइप लाइन परियोजना तथा नल-जल पाइप लाइन बिछाने को लेकर तोड़ दी गयी है. वहीं अब जल जमाव से जीना मुहाल हो गया है. इतना ही नहीं प्रमंडल का ऐतिहासिक दधिचि आश्रम भी जल जमाव वाले क्षेत्र से महज 20 मीटर की दूरी पर है. जहां आये दिन श्रद्धालु दर्शन को पहुंचते है. उसके बाद भी जल जमाव की समस्या को दूर करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है. वहीं इस संदर्भ में मेयर राखी गुप्ता ने कहा कि वार्ड पार्षद ने आवेदन दिया है. जल्द ही निकासी के इंतजाम करा दिये जायेंगे.


## Mathura Singh Teacher Training College

Jalalpur, Khalpura, Chapra Recognised by NCTE, under Jai Prakash University, Chapra

### Required Lecturers for B.Ed Course

| Sl. No. Post | No of post | Eligibility |
|---|---|---|
| 1. Lecturer (Perspective in Education/Foundation Course | 1 | PG degree in Sociology/ Philosophy/Education & M.Ed. with 55% marks NET or Ph.D. in Education |
| 2. Lecturer 1-Maths. 2-Geography or Social Science | 2 | PG degree in Mathematics / Social Science (Geography) M.Ed. with 55% marks. NET or Ph.D in Education. |
| 3. Performing Arts/Fine Arts | 1 | MFA with 55% |
| Total | 4 | |

**Salary :** As per Govt. rules.
**Date of Interview: 10.02.2023 at 10:30 A.M.**
**Venue : College Campus**
**Interested candidates may apply with their Bio-data till 08.02.2023**
**Contact No: 8318391126, 8340218183, 7979891337**
You may apply through e-mail-msttcollege@yahoo.in


प्रभात खबर
Date-03-02-2023 Page No. 03

# मथुरा सिंह ट्रेनिंग कॉलेज का टीम ने किया निरीक्षण

छपरा | एक संवाददाता

राजभवन के निर्देश पर जय प्रकाश विश्वविद्यालय के द्वारा गठित टीम ने मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

विश्वविद्यालय की टीम में महाविद्यालय निरीक्षक डॉ.आर.पी. श्रीवास्तव, डॉ. अमरेन्द्र झा तथा उनके सहयोगी राजीव पाठक सम्मिलित थे। जांच टीम द्वारा प्रशिक्षण महाविद्यालय की आधारभूत संरचना, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, वर्ग कक्ष सहित सभी भौतिक सुविधाओं का मुआयना किया गया। शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अध्यापक-छात्रा अध्यापिकाओं से भी सदस्य मिले। जांच टीम द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों पर संतोष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय में उपस्थित प्राचार्य व प्राध्यापकों के कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार व कर्मी उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान- 23-फरवरी 2019 Page. No. 06

में कार्य के लिए कर्मचारी भटकते रहे। आदि ने विचार रखे।



मधुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का निरक्षण करने पहुंची जेपी विवि की टीम

# टीम ने शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज का किया निरीक्षण

जासं, छपरा : शुक्रवार को राजभवन के निर्देश पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय की टीम ने मधुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का औचक निरीक्षक किया। विवि की टीम में महाविद्यालय निरीक्षक डॉ. आरपी श्रीवास्तव, डॉ. अमरेन्द्र झा तथा उनके सहयोगी राजीव पाठक शामिल थे। जांच टीम ने प्रशिक्षण महाविद्यालय की आधारभूत संरचना, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, वर्ग कक्ष सहित सभी भौतिक सुविधाओं का मुआयना किया गया। इसके अतिरिक्त इस महाविद्यालय के मानव- संसाधन यथा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राध्यापक- छात्राध्यापिकाओं से भी मिले। जांच टीम द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों पर संतोष जताया। यहां प्राचार्य डॉ. संजय कुमार एवं विभिन्न संकायों के व्याख्याता सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

दैनिक जागरण - 23-02-2019 Page. No. 04

यदि आंकड़ों की बात करें तो 21 अंगीभूत कॉलेज व जेपीयू स्नातकोत्तर विभाग में बहुत कम ऐसे छात्र होंगे जिनकी उपस्थित 75 प्रतिशत होगी.


तो स्वाभाविक रूप से छात्राओं की उपस्थिति रहती है, वहीं रामजयपाल कॉलेज, राजेंद्र कॉलेज, पीसी विज्ञान

अपने समर्थन से अधिकतर पदों पर छात्राओं को उम्मीदवार बनाने की कोशिश कर रहे हैं.

# याद किये गये जयनारायण सिंह सोलंकी

**संवाददाता** ▶ छपरा (सारण)

**स्वर्गीय** जय नारायण सिंह सोलंकी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव मेमोरियल सोसाइटी की ओर से खलपुरा स्थित एएनडी पब्लिक स्कूल, न्यू एएनडी हाई स्कूल, बड़ा तेलपा एवं मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जलालपुर में श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर न्यू एएनडी हाईस्कूल, बड़ा तेलपा में उनके चित्र पर प्राचार्य राजेंद्र किशोर सिंह के द्वारा एएनडी पब्लिक स्कूल, खलपुरा में विद्यालय की सचिव अनीता सिंह एवं प्राचार्य अनिल कुमार सिंह के द्वारा एवं मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संजय कुमार के द्वारा माल्यार्पण किया गया. इसके अतिरिक्त विद्यालय एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए सचिव अनीता सिंह ने कहा कि इस जिले के अधिकांश सामाजिक कार्यक्रमों में उनका सक्रिय योगदान रहता था और सामाजिक विकास के कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए वे शारीरिक एवं आर्थिक रूप से मदद किया करते थे.



चित्र पर माल्यार्पण करते प्राचार्य व अन्य.

## सेविका के चयन को लेकर नाराजगी

प्रभात खबर - 02-02-2018

... गांव पहुंचा. जिसमें अन्नू के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी एवं घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की. ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना के बाद से गांव की छात्रा कोचिंग जाना बंद कर दी है. छात्राओं में भय व्याप्त हो गया है और यहां मशरक के पुलिस प्रशासन सुरक्षा देने में विफल है.


# Mathura Singh Teacher Training College

**JALALPUR, KHALPURA, CHAPRA**

Recognised by NCTE, under J.P. University

## REQUIRED

1. Lecturer for B.Ed. Course
   **a. Mathematics** **b. Hindi** **c. Sanskrit**
   **Qualification** - I. M.Sc/M.A. with 55% Marks
   II. M.Ed., M. A. in Education with 55% Marks
2. Librarian- B.Lib.

Date of Interview : 20. 01. 2018 at 10:00 A.M.
Venue : College Campus

**Interested candidates may apply with their Bio-data till 18.01.2018**

Contact No : 8318398126, 9431216107, [illegible]

You may apply through e-mail- msttcollege@yahoo.in

# AAFT Admission Open 2018

Directors



Anil Kapoor



UG & PG Degree Courses (July Batch)
Diploma & 3 Months Courses (Jan. Batch)

- **Cinema**
  Acting | TV Production
  Post Production
  Camera & Lighting Technique
  Video Editing & Sound Recording
  Screenplay Writing | Still Photography
- **Mass Communication**

# हे पालनहारे हे पालनहारे भजन से मोह लिया मन

छपरा | नगर प्रतिनिधि

## स्थापना दिवस

- मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजन
- महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

जेपी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक डॉ. सीएन गुप्ता ने कॉलेज के उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हुए हरसंभव मदद की बातें कहीं।

पूर्व प्राचार्य डॉ. के के द्विवेदी ने कहा कि यह कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। साकेत कुमार ने 'हे पालनहारे हे पालनहारे... भजन की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। साकेत, संतोष, नवनीत ने कव्वाली व अशोक, राकेश ने 'ढोंगी बाबा' नाटक से दर्शकों को खूब हंसाया। शिखा प्रिया, प्रज्ञा, प्रीति, निशा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्थापना दिवस पर चन्द्रभूषण सिंह, सत्यनारायण शर्मा, रामाकांत सिंह, अनीता सिंह, अनिल कुमार सिंह व अन्य ने भी विचार रखे।

संचालन अशोक कुमार पाठक व डॉ. मनोज कुमर पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजय कुमार ने किया। इससे पहले दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

गई। जिसको लेकर ... प्रसाद व अन्य दो को नामजद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

... इलेक्ट्रिक पर चलाने के लिए तैयार। ... दिया गया है।

# बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा

**■ मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज का स्थापना दिवस मना**

**जागरण संवाददाता, छपरा :** जयप्रकाश विश्वविद्यालय से संबद्ध मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का छठा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। जिसका उद्घाटन विधायक डा. सीएन गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने कॉलेज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। जगदम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. के. के. द्विवेदी ने कहा कि छात्रों को मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। यह शिक्षक संस्थान अग्रणी है। कार्यक्रम के दौरान विधायक व पूर्व प्राचार्य ने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा प्रज्ञा, प्रीति, निशा, शिक्षा प्रिया, साकेत, संतोष, नवनीत आदि ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर चंद्रभूषण शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, रमाकांत सिंह, अनीता सिंह, अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार पाठक, डा. मनोज कुमार पांडेय, डा. संजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

**■ अदालत ए.डी.जे.-10 मोकाम छपरा, सारण**

**मुतफर्का अपील नं.-34/15**

राजनारायण पासवान वो. ........अपिलांट

**बनाम**

जनार्दन सिंह उर्फ जनूलाल सिंह वो. .....रेसपॉन्डेन्ट

नोटिश बनाम:- 1. विजय सिंह, 2. संजय सिंह, 3. मुन्ना सिंह वल्दान स्व. राम नगीना सिंह, 4. उमाशंकर सिंह, 5. प्रेम कुमार वल्दान स्व. भवानी सिंह, 6. ललितेश्वर प्रसाद सिंह वल्द स्व. रामपदारथ सिंह सभी ग्राम ठहरा चांद पी.-थाना मकेर, जिला सारण।

विदित हो कि मोकदमा हाजा में आप सबों के विरुद्ध बजरिये नजारत वो बजरिये रजिस्टर्ड डाक नोटिस भेजा जा चुका है। आपलोग नोटिस ... मोकदमा में हाजिर

**■ अदालत परिवार न्यायालय, मोकाम छपरा ( सारण )**

**मो. नं.-253/015 भरण-पोषण**

सावित्री देवी .........आवेदिका

**बनाम**

संजय राय .........विपक्षी

नोटिश बनाम:- संजय राय वल्द जवाहीर राय साकिन मौजा सदर पैगा थाना भेल्दी जिला छपरा, सारण।

चूं बजरिये अखबार में नोटिश द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका आपके विरुद्ध आवेदन देकर भरण-पोषण का मांग की है, जो मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय के अमलेगान एवं रजिस्टर कभर नोटिश के तमीला के बावजूद आप न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किये ... सूचित किया

## सड़क सुरक्षा सप्ताह . एक हजार बाइकर्स पर लगा जुर्माना

# छात्राओं ने फैलायी जागरूकता

**सड़क हादसों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है. सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया. इस दौरान यातायात के नियमों को तोड़ने वालों को सबक सिखाने के लिए काफी सख्ती बरती गयी. सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले एक हजार बाइकर्स पर जुर्माना लगाया गया.**

**संवाददाता, छपरा (सारण)**

सड़क हादसों पर लगाम कसने को लेकर चलाये गये सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान करीब एक हजार बाइक पकड़े गये और उनसे जुर्माना के रूप में करीब चार लाख रुपये की वसूली की गयी. बाइक पर ट्रिपल लोडिंग करने वालों तथा बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया. यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल कॉलेजों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, संगोष्ठी, लेखन प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का वृहद रूप से आयोजन किया गया. इस अभियान में परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन तथा शिक्षा विभाग का काफी योगदान रहा.

**रैली के साथ हुआ समापन :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन शहर के पूर्वी इलाके में एएनडी पब्लिक स्कूल (आवासीय) खलपुर, एएनडी हाइस्कूल भिखारी चौक तथा मथुरा सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली, जिसका समापन लोक कलाकार भिखारी ठाकुर के स्मारक पर किया गया. न्यू एएनडी हाइस्कूल से निकाली गयी रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने रौजा तेलपा समेत कई मुहल्लों का भ्रमण किया तथा समापन के अवसर पर प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से न केवल हम अपनी जान की रक्षा करते हैं बल्कि दूसरों को भी खतरे से बचाते हैं. उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम का पालन करना प्रत्येक छात्र का दायित्व है और इस दायित्व का निर्वहन कर छात्र समाज में अपना आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं जो औरों के लिए प्रेरणा का श्रोत बनेगा. उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला. इस अवसर पर सचिव अनिता सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना छात्र-छात्रापओं के अनुशासित होने का परिचायक है. उन्होंने कहा कि जिस तरह घर परिवार तथा विद्यालय में छात्र-छात्रा अनुशासित रहते हैं उसी तरह सड़क पर पैदल चलते समय तथा साइकिल मोटरसाइकिल चलाते समय उन्हें पूरी तरह अनुशासित रहना चाहिए. इस अवसर चंद्रकिशोर सिंह, प्रसून सिंह, प्रकाश मिश्रा, कुमारी नूतन, मौसमी डे, सोनम कुमारी, अमित कुमार मिश्रा, अतुल कुमार पांडेय, राजेंद्र किशोर सिंह आदि ने भाग लिया.



जागरूकता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं .

■ फोटो । प्रभात खबर

**सभी थानों में चला अभियान :** परिवहन विभाग तथा पुलिस प्रशासन की ओर से थाना स्तर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक पर ट्रिपल लोडिंग चलने वालों, बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया. जांच अभियान के फलस्वरूप बाइक चालकों ने हेलमेट खरीदना तेज किया. बिना इंश्योरेंस, प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के चलने वले दोपहिया वाहनों के इंश्योरेंस कराने, प्रदूषण जांच कराने में तेजी आयी है. साथ ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वालों की संख्या बढ़ी है.

### क्या कहते हैं अधिकारी

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाये अभियान का व्यापक असर पड़ा है. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब एक हजार बाइक जिले भर में पकड़े गये, करीब एक सौ चार पहिया वाहन भी पकड़ाये, जिनसे लगभग चार लाख रुपये राजस्व की वसूली हुई है. यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आयी है. इससे दुर्घटना में कमी आयेगी.

**श्याम किशोर सिन्हा**
जिला परिवहन पदाधिकारी, सारण